RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 30 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 40 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# बीएमसी की बढ़ी टेंशन!
## झीलों में बचा सिर्फ 55 दिन का पानी




**मुंबई:** झीलों में अब सिर्फ 55 दिन का पानी बचा हुआ है। महानगर मुंबई को पानी आपूर्ति करनेवाली झीलों में पिछले तीन साल में सबसे कम पानी का स्टॉक रह गया है। वहीं मौसम विभाग ने इस बार मुंबई में जून में मॉनसून थोड़ा देर से आने की आशंका व्यक्त की है, जिससे बीएमसी प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। बीएमसी जलापूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अभी मुंबई में पानी कटौती की कोई योजना नहीं है। लेकिन जून में यदि झीलों वाले एरिया में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो प्रशासन उसकी समीक्षा करेगा। हम अभी प्रतिदिन सभी 7 झीलों में पानी के स्टॉक का अपडेट ले रहे हैं। बता दें कि मुंबई में सातों झीलों से प्रतिदिन 3850 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है। झीलों में अभी 212433 एमएलडी पानी का स्टॉक बचा है। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि झीलों में अभी भी 55 दिनों का पानी बचा है, लेकिन हम कुल स्टॉक में से करीब 10 प्रतिशत पानी रिजर्व रखते हैं. बीएमसी जलापूर्ति विभाग के अनुसार मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली झीलों में 27 मई 2023 तक उनकी कुल भंडारण क्षमता का 212433 एमएलडी यानी 14 प्रतिशत पानी का स्टॉक बचा था, जबकि वर्ष 2022 में इस दौरान झीलों में 2833118 एमएलडी पानी यानी कुल स्टॉक का 19 प्रतिशत पानी बचा था। जबकि वर्ष 2021 में 229041 एमएलडी यानी 15 प्रतिशत पानी का स्टॉक था। झीलों में पानी के घटते स्तर को देखते हुए बीएमसी प्रशासन ने आपात स्थिति में राज्य सरकार से रिजर्व वायर (आरक्षित जलाशय) से पानी इस्तेमाल की अनुमति मांगी थी। जिसका परमिशन सरकार ने दे दिया है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि आरक्षित जलाशय से प्रतिदिन 150 एमएलडी पानी के इस्तेमाल की अनुमति मिल गई है. बीएमसी प्रोटोकॉल के अनुसार पूरे साल सुचारू रूप से मुंबई की आपूर्ति हो इसके लिए 1 अक्टूबर तक तालाबों और झीलों में 1447363 एमएलडी पानी का भंडारण आवश्यक है। जबकि इस वर्ष मॉनसून पूर्व झीलों में 212433 एमएलडी पानी शेष बचा है। जो कुल पानी का 14 प्रतिशत है। वर्ष 2009 में तालाब क्षेत्रों में बारिश कम होने के कारण वर्ष 2010 में मुंबईकरों को भारी पानी के संकट का सामना करना पड़ा था। इसी तरह वर्ष 2014 में बारिश कम होने कर कारण मुंबईकरों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा था। पानी के संकट से निपटने के लिए उस दौरान रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, कुओं की सफाई और बोरवेल का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि बीएमसी ने बाद में इन सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद नवंबर 2018 के मध्य से मुंबई में 10 प्रतिशत पानी की कटौती की गई, लेकिन पिछले वर्ष अच्छी बारिश की वजह से अभी तक मुंबई में पानी की कटौती नहीं हुई है.

# मुंबई के हुसैन सैयद UPSC क्रैक कर बने ऑफिसर
## माहिम दरगाह पर कि ज्यारत




**मुंबई :** दैनिक रोकठोक लेखनी के संपादक फैसल शेख के निमंत्रण पर मोहम्मद हुसैन सैयद और उनके पिता माहिम में स्तिथ प्रसिद्ध दरगाह हजरत मखदूम शाह बाबा पर ज्यारत कि और उनके अखबार के कार्यालय आए. 27 वर्षीय हुसैन सैयद अपने माता-पिता के अनपढ़ होने के बावजूद यूपीएससी की परीक्षा पास कर अपने इलाके के लिए मिनी सेलिब्रिटी और रोल मॉडल बन गए. हुसैन सैयद मुंबई के उस झोपड़पट्टी इलाके में रहते हैं, जहां अधिकतर डॉक में काम करने वाले मजदूर का परिवार अपना जीवन यापन करता है. उनके पिता रमजान इस्माइल सैयद इंदिरा डॉक में लोडिंग और अनलोडिंग सेक्शन में एक ठेका कर्मचारी है. मजदूरी करके किसी तरह परिवार का पेट पालते हैं. लेकिन उन्होंने हुसैन को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. मोहम्मद हुसैन ने यूपीएएसी सिविल सेवा परीक्षा 2022 पास कर ली थी.यूपीएससी 2022 रिजल्ट से खुशी तो देश के 933 नौजवानों और उनके परिजनों को मिली. लेकिन मोहम्मद हुसैन की उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने इस मंजिल तक पहुंचने के दौरान कई कठिन सामाजिक और आर्थिक बाधाओं का सामना किया. मोहम्मद हुसैन ने खराब आर्थिक स्थिति के साथ जगह की कमी, घर में पढ़ाई के अनुकूल माहौल न होने और सिविल सेवा परीक्षा के संबंध में शुरूआत में बहुत कम जानकारी और जरूरी मार्गदर्शन और संसाधनों की कमी का भी सामना किया. इन सब चुनौतियों को पार करते हुए 27 वर्षीय मोहम्मद पांचवें प्रयास में ऑल इंडिया 570 रैंक के साथ यूपीएससी परीक्षा पास करने में कामयाब रहे.

# नई संसद पर SRK की तारीफ पर एनसीपी का तंज
## अब शाहरुख की फिल्मों पर बैन की मांग नहीं करेगी बीजेपी...



**मुंबई:** बॉलिवुड अभिनेता शाहरुख खान ने नए संसद भवन के उद्घाटन पर वीडियो शेयर कर खुशी जाहिर की। अब इस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने चुटकी लेते हुए कहा कि महाराष्ट्र में बीजेपी के नेता अब शाहरूख खान की फिल्मों पर बैन की मांग नहीं करेंगे। एक दिन पहले अभिनेता शाहरुख खान ने एक वीडियो के साथ किए गये ट्वीट में, नये संसद भवन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उद्घाटन किए जाने को लेकर प्रसन्नता जताई. शाहरुख खान (57) ने ट्वीट किया, 'हमारे संविधान को बनाए रखने वाले, इस महान राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करने वाले और उसके हर व्यक्ति की विविधता की रक्षा करने वाले लोगों के लिए कितना शानदार नया भवन है, नरेंद्र मोदी जी। भारत के गौरव सालों पुराने सपने को पूरा करते हुए नए भारत के लिए नई संसद । जय हिंद! मेरी संसद, मेरा गौरव।' एनसीपी समेत करीब 20 विपक्षी दलों ने नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू) के बजाय प्रधानमंत्री के किए जाने को लेकर कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया था. उद्घाटन कार्यक्रम पर शाहरुख खान की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने ट्वीट किया, 'अब चूंकि शाहरूख खान ने नये संसद भवन का समर्थन किया है, तो हम जल्द ही बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई के नेताओं को उनके सामने दंडवत करते देखेंगे और अब वे उनकी फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी नहीं करेंगे।' शाहरुख खान की पिछली फिल्म 'पठान' को दक्षिणपंथी संगठनों के व्यापक विरोध का सामना करना पड़ा था, जिन्होंने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी.




# संपादकीय / लेख




फैसल शेख
(प्रधान संपादक)


## कांग्रेस की कठिनाई

विपक्षी दलों की एकता आसान नहीं, इसका ताजा प्रमाण है दिल्ली सरकार को लेकर आए अध्यादेश पर कांग्रेस का आम आदमी पार्टी को समर्थन देने से हिचकना। आम आदमी पार्टी यह चाह रही है कि कांग्रेस इस अध्यादेश का विरोध करने के लिए उसी तरह तैयार हो, जैसे कुछ क्षेत्रीय दल तैयार हो गए हैं, लेकिन वह इस बारे में कोई फैसला नहीं ले पा रही है, क्योंकि दिल्ली और पंजाब कांग्रेस के नेता ऐसा नहीं चाहते। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इन दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी ने उसकी राजनीतिक जमीन पर ही कब्जा कर उसे कमजोर करने का काम किया है। आम आदमी पार्टी ने कुछ हद यही काम गुजरात में भी किया। उसने जिस तरह दिल्ली, पंजाब और गुजरात में कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई, उसी तरह अन्य क्षेत्रीय दलों ने भी अपने-अपने राज्यों में उसके ही वोट बैंक को हड़पने का काम किया। इसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस उन अनेक राज्यों में अपनी राजनीतिक जमीन गंवा बैठी, जो कभी उसके गढ़ हुआ करते थे। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और बंगाल आदि हैं।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव करीब आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस भी विपक्षी एकता के लिए सक्रिय है और अनेक क्षेत्रीय दल भी। कुछ क्षेत्रीय दल तो कांग्रेस से भी अधिक सक्रिय दिख रहे हैं, लेकिन वे यह चाहते हैं कि कांग्रेस उसकी शर्तों पर आगे बढ़े। इनमें एक शर्त यह है कि कांग्रेस 250 सीटों पर ही लोकसभा चुनाव लड़े। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ तौर पर कहा है कि जो क्षेत्रीय राजनीतिक दल जहां मजबूत है, वहां कांग्रेस उसे ही समर्थन दे। इसका अर्थ केवल यह नहीं है कि कांग्रेस बंगाल में सक्रिय होने की कोशिश न करे, बल्कि यह भी है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड आदि भी क्षेत्रीय दलों के लिए छोड़ दे। यदि कांग्रेस ऐसे किसी फामूर्ले पर तैयार होती है तो शायद उसे ढाई सौ सीटें भी लड़ने को न मिलें। कांग्रेस के लिए ऐसे किसी फामूर्ले को स्वीकार करने का मतलब होगा, अपनी राजनीतिक जमीन को और कमजोर करना। वह इसकी अनदेखी नही कर सकती कि पिछला लोकसभा चुनाव वह 421 सीटों पर लड़ी थी और केवल 52 सीटें ही जीत सकी थी। पता नहीं कांग्रेस क्या करेगी, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उसके क्षेत्रीय दल के रूप में सिमट जाने का खतरा पैदा हो गया है। यदि कांग्रेस को अपने राष्ट्रीय स्वरूप को बनाए रखना है तो उसे विपक्षी एकता के नाम पर अपनी राजनीतिक जमीन क्षेत्रीय दलों के लिए छोड़ने के सिलसिले पर विराम लगाना होगा। उसे इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि भाजपा विरोधी वोटों पर क्षेत्रीय दल उसके साथ ही हिस्सेदारी करते हैं और इस क्रम में उसके ही वोट बैंक में सेंध लगाने का काम करते हैं।


+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


## ठाणे में एक इमारत का प्लास्टर गिरने से आठ वर्षीय बच्चा घायल



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक इमारत के बाहरी हिस्से का प्लास्टर गिर जाने से आठ साल का एक बच्चा घायल हो गया है। नगर निकाय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि यह घटना रविवार रात करीब 11 बजे उस समय हुई जब पास की एक चॉल में रहने वाला बच्चा किसान नगर में स्थित इमारत के पास सड़क पर टहल रहा था। उन्होंने बताया कि इमारत की दूसरी मंजिल से प्लास्टर का हिस्सा बच्चे पर गिर गया, जिसके कारण वह मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि बच्चे को एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और प्राथमिक उपचार मुहैया कराया गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय दमकल कर्मी और आरडीएमसी का दल सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचा और उसने सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए इमारत के चारों ओर गली के एक हिस्से की घेराबंदी कर दी।

# ठाणे में घरेलू विवाद के बाद व्यक्ति ने की 35 वर्षीय पत्नी की हत्या



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति ने कथित रूप से घरेलू विवाद के बाद अपनी 35 वर्षीय पत्न ी की हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उल्हासनगर नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने कहा कि घटना रविवार शाम को अंबरनाथ इलाके में आयुध फैक्टरी कॉलोनी स्थित दंपति के आवास में हुई। घटना के बाद 37 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति आयुध फैक्टरी में काम करता था।

अधिकारी ने कहा कि महिला गर्भधारण नहीं कर पा रही थी और इसी बात को लेकर दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते थे। उन्होंने कहा कि रविवार को उनके बीच फिर से झगड़े हुए जिसके बाद आरोपी ने धारदार हथियार से कथित रूप से अपनी पत्नी पर हमला किया। हमले के बाद महिला जमीन पर गिर गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पुलिस निरीक्षक जे. बी. सोनावने ने को बताया कि फैक्टरी के कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधि ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया जो घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## चोर ने पुलिसकर्मी पर चाकू से किया हमला



**पालघर** : पालघर जिले में एक चोर ने पुलिस पर हमला किया, दरअसल मोबाइल फोन चुराने के आरोपी व्यक्ति ने तब एक कांस्टेबल पर कथित तौर पर हमला किया जब पुलिस का एक दल उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहा था । इस हमले में कांस्टेबल घायल हो गया। यह घटना मंगलवार शाम को वसई इलाके के वालिव में हुई जब पुलिस 22वर्षीय शाहरुख यासीन सरदार नामक व्यक्ति का इंतजार कर रही थी जो वहां चोरी के मोबाइल फोन बेचने आया था। पुलिस दल ने आरोपी को देखते ही पकड़ने की कोशिश की तो इतने में शाहरुख एक चाकू निकाला और एक कांस्टेबल पर हमला कर दिया जिससे पुलिसकर्मी के हाथ पर चोट आयी।

## ठाणे में मेडिकल छात्र और उसकी नाबालिग बहन की झील में डूबने से मौत



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक गांव में मेडिकल छात्र और उसकी नाबालिग बहन की रविवार को झील में डूबने से मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एमआईडीसी दमकल केंद्र के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना डोम्बिवली शहर के दावाड़ी गांव में दोपहर में हुई। उन्होंने बताया कि एमबीबीएस अंतिम वर्ष का छात्र रंजीत रवींद्रन (23) और उसकी बहन कीर्ति (16) अपने कुत्ते को नहलाने के लिए झील पर गए थे, तभी वे डूब गए। अधिकारी के मुताबिक, आसपास के लोगों ने शोर मचाया और स्थानीय अग्निशमन दल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों के शवों को बाहर निकाला। अधिकारी ने कहा कि मृतक उमेश नगर इलाके के निवासी थे और उनके माता-पिता को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## यातायात पुलिस की आंखों में धूल झोंककर एक ही नंबर से चला रहे दो वाहन, चालक के खिलाफ मामला दर्ज



**पालघर** : नालासोपारा में बड़े पैमाने पर फर्जी रिक्शा चलने की जानकारी को लेकर यातायात पुलिस हरकत में आ गई है । यातायात पुलिस को जांच के दौरान एक ही नंबर प्लेट वाले दो रिक्शा मिले हैं। एक फर्जी रिक्शा चालक के खिलाफ आचोले थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। एक ही नंबर पर 2 वाहन देखकर पुलिस भी हैरान, एम.एस 48 ए.एक्स 5651 नंबर के दो रिक्शा नालासोपारा ईस्ट अलकापुरी कैपिटल मॉल के पास देखे गए, उस वक्त यातायात पुलिस राजू गायकवाड़ की नजर उस पर पहुंची । यह कोई पहला मामला नही है इसके पहले भी यातयात पुलिस फर्जी रिक्शा पर शिकंजा कस चुकी है।

## ठाणे में पावरलूम इकाई के मालिक से 1.13 करोड़ रुपये की ठगी, 5 के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित एक पावरलूम इकाई के मालिक से कथित तौर पर 1.13 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। निजामपुरा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने 2013 से 2016 के बीच आरोपियों को कपड़े की आपूर्ति की, जिसके लिए उन्हें 1,13,61,662 रुपये का भुगतान करना था। 53 वर्षीय पीड़ित भिवंडी इलाके में पावरलूम इकाई का मालिक है।




# ‘अगर दम है तो पीएम मोदी...’

## उद्धव ठाकरे गुट का सावरकर पर बड़ा बयान, सीएम शिंदे पर बोला हमला !

**महाराष्ट्र :** शिवसेना सांसद विनायक राउत ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना की है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उद्धव ठाकरे नाम से जलन होती है. मोदी का भक्त बन चुके शिंदे गुट के पास अब उद्धव ठाकरे और हमारी पार्टी की आलोचना करने के अलावा और कोई चारा नहीं है. शिवसेना (ठाकरे गुट) समेत विपक्षी दलों ने नए संसद भवन के कार्यक्रम का बहिष्कार किया है.



**क्या बोले विनायक राउत ?**

वीर सावरकर जयंती के मौके पर संसद भवन के कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर विनायक राउत ने कहा, ‘एकनाथ शिंदे को याद रखना चाहिए कि बीजेपी ने सावरकर को खुश करने का ठेका नहीं लिया था. बालासाहेब ठाकरे ने शिवतीर्थ में सावरकर का पहला स्मारक बनवाया.

राउत ने कहा, ‘‘ऐसा नहीं है कि एकनाथ शिंदे सिर्फ इसलिए बड़े भक्त बन गए क्योंकि सावरकर की जयंती दिल्ली में मनाई गई थी. हम शुरू से ही सावरकर को भारत रत्न देने की मांग कर रहे हैं. अगर दम है तो प्रधानमंत्री मोदी से मिलिए और सावरकर को भारत रत्न देने की घोषणा करने को कहिए.’’ विनायक राउत ने एकनाथ शिंदे को चुनौती दी है.

एकनाथ शिंदे ने कहा है कि संसद भवन के कार्यक्रम में कुछ लोगों ने नमक के पत्थर फेंकने की कोशिश की. इस बारे में पूछे जाने पर विनायक राउत ने कहा, ‘‘एकनाथ शिंदे को डिमेंशिया है. विपक्ष नए संसद भवन का बहिष्कार नहीं कर रहा है. अगर देश के सर्वोच्च सदन का उद्घाटन राष्ट्रपति करते तो क्या नुकसान होता. दुर्भाग्य से, नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को भी आमंत्रित नहीं किया गया है.’’

### शिंदे का निशाना और राउत का जवाब

**इस पर मुख्यमंत्री शिंदे ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि ‘लोगों को अच्छा उपाय बताकर पेट दर्द से निजात मिल जाएगी.’ इसका जवाब विनायक राउत ने दिया है. उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, जमालगोटा देना छोड़ दें, रत्नागिरी में ‘शासन आप्या दारी’ कार्यक्रम की एक बैठक हुई. अगर लोग इस बैठक को छोड़ देते, अगर वे पीछे मुड़कर देखते, तो उन्हें पता होता कि लोगों के बीच उनका कितना स्थान है.ह**

# महाराष्ट्र के ठाणे में राज्य परिवहन निगम की बस की टेम्पो से टक्कर, 10 लोग घायल




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मालशेज घाट पर सोमवार को राज्य परिवहन निगम की एक बस के टेम्पो से टकरा जाने के कारण कम से कम 10 लोग घायल हो गए। जिले के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, यह हादसा सुबह करीब 11 बजे मालशेज घाट इलाके के सावरदे गांव में हुआ, जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के भिवंडी डिपो की एक बस टेम्पो से टकरा गई।मुरबाद के तहसीलदार संदीप अवारी ने कहा कि इस दुर्घटना में एमएसआरटीसी बस में सवार आठ लोग और टेम्पो में सवार दो लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि इस हादसे में घायल हुए लोगों को टोकवाडे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायलों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। अधिकारी के मुताबिक, घटनास्थल पर एम्बुलेंस और चिकित्सा दल को तैनात किया गया है। टोकवाडे पुलिस थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन कुलकर्णी ने कहा कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया है और वह घायलों के बयान ले रही है। एमएसआरटीसी के ठाणे संभागीय नियंत्रक वी वी राठौड़ ने कहा कि वे स्थिति का जायजा लेने और सहायता प्रदान करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचेंगे।

# महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए 48 घंटे अहम

## IMD ने जारी किया आंधी-बारिश का



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मानसून 2023 का इंतजार और बढ़ गया है. इसकी वजह से मुंबई समेत राज्य के अन्य हिस्सों के लोगों को कुछ और दिनों तक चुभती गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इस बीच, राज्य के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून बारिश होने की भी उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आंतरिक कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रों में तापमान बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि सोमवार से राज्य के कुछ हिस्सों, खासकर पश्चिमी घाटों में गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अप्रैल-मई की गर्मियों में राज्य में बेमौसम बारिश के कारण फसलों को बड़ा नुकसान हुआ। विदर्भ समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों के किसानों को मई महीने में भी बेमौसम बारिश का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कुछ जिलों में भीषण गर्मी से लोग परेशान है। इन सबके बीच लगातार मौसम में बदलाव के चलते एक बार फिर बेमौसम बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दरअसल, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में अभी से प्री-मानसून बारिश ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मुंबई, कोंकण तटीय क्षेत्रों के निवासियों को अभी राहत नहीं मिलेगी क्योंकि हवा में नमी अभी कम नहीं हुई है। जबकि अगले 48 घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विभाग (क्टऊ) के पूर्वानुमान के अनुसार, मराठवाड़ा, विदर्भ में अगले 48 घंटों में बारिश का जोर बढ़ेगा। आईएमडी के मुताबिक, पुणे, अहमदनगर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, सतारा, सांगली, सोलापुर, बीड, नांदेड, उस्मानाबाद, भंडारा, लातूर, अमरावती, चंद्रपुर, गोंदिया, वर्धा, गढ़चिरौली, यवतमाल में आंधी-बिजली के साथ हलकी से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान गर्मी कम होगी और हवा में नमी बढ़ेगी। इससे पहले रविवार को हिंगोली, भंडारा, गोंदिया, नागपुर समेत आसपास के इलाकों में बेमौसम बारिश हुई।

# पिछले विधानसभा चुनाव के क्या रहे थे नतीजे, अब किसके सामने सबसे बड़ी चुनौती?



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं. लोकसभा चुनाव 2024 में होने हैं. लेकिन अभी से राजनीतिक दलों ने कमर कसनी शुरू कर दी है. चाहे विपक्षी महाविकास अघाड़ी हो या फिर सत्तारूढ़ बीजेपी और शिंदे गुट का हो, दोनों में सीटों को लेकर चर्चा होनी है. दोनों खेमों के लिए सीटों का बंटवारा आसान नहीं होगा. पिछले विधानसभा चुनावों की करें तो पिछली बार शिवसेना और बीजेपी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, हालांकि बाद में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तनातनी को लेकर उद्धव ठाकरे और बीजेपी के रास्ते अलग हो गए थे.

**इस बार मैदान में आमने-सामने होंगी दो ‘शिवसेना’**

2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव बेहद दिलचस्प होने जा रहा है, क्योंकि इस बार मैदान में दो शिवसेना आमने-सामने होंगी. इसमें से एक उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) होगी एक शिवसेना एकनाथ शिंदे की होगी. बता दें कि पिछले साल जून में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी थी और वह 39 विधायकों के साथ पार्टी से अलग हो गए थे और उन्होंने बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बना ली थी और खुद मुख्यमंत्री बन गए थे, जबकि देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने थे.

**आइए नजर डालते हैं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 के नतीजों पर नजर**

महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटें हैं. चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 164 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 105 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि इन चुनावों में उसकी सहयोगी रही शिवसेना ने 126 सीटों पर चुनाव लड़ा और 56 सीटों पर जीत दर्ज की. वहीं कांग्रेस ने 147 में से 44 सीटों पर एनसीपी ने 121 में से 54 सीटों पर और एमएनएस ने 101 में से 1 सीट पर जीत दर्ज की थी. इसके अलावा इन चुनावों में सीपीआईएम ने 8 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन उसे एक सीट पर जीत हासिल हुई थी. महाराष्ट्र में विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं.

**किसके सामने सबसे बड़ी चुनौती ?**

हर चुनाव हर राजनीति दल के लिए एक चुनौती ही है. लेकिन उद्धव ठाकरे के सामने आंकड़े दोहराने की चुनौती होगी. वहीं एकनाथ शिंदे सीएम हैं और शिवसेना का नाम उनके साथ है. ऐसे में जनता का भरोसा जीतने की उनके सामने चुनौती होगी. बागी विधायकों कैसा प्रदर्शन कर पाते हैं, ये देखना भी दिलचस्प होगा. उद्धव ठाकरे चुनाव लड़ेंगे या नहीं, ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब आने वाले समय में मिलेगा.

# महिला ने कुत्ते को प्रशिक्षित करने वाले व्यक्ति पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया, मामला दर्ज




**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने 30 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी, महिला के घर आकर उसके कुत्ते को प्रशिक्षित करता था। उसने बताया कि यह छेड़छाड़ पिछले दो महीनों से की जा रही थी। रबाले थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी प्रशिक्षक, पीड़िता (20) के दीघा स्थित घर पर उसके कुत्ते को प्रशिक्षित करने जाता था और उससे पीने के लिए पानी मांगता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पानी देने के दौरान आरोपी प्रशिक्षक ने कथित तौर पर कई बार उसे गलत तरीके से छुआ तथा इसके बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 30 मई 2023



# समृद्धि एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत




**बुलढाणा** : महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक कार के डिवाइडर से टकराने के बाद उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बीबी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा एक्सप्रेस वे पर देउलगांव कोल गांव के पास सुबह करीब पांच से साढ़े पांच बजे के बीच हुआ। उन्होंने बताया कि तीन लोगों को लेजा रही कार सड़क पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे एक व्यक्ति वाहन से बाहर गिर गया। अधिकारी ने बताया कि टक्कर के बाद कार में आग लग गई जिससे वाहन में सवार दो लोगों की जलकर मौत हो गई। वाहन से बाहर गिरे व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार कार में डीजल का डिब्बा रखा था। औरंगाबाद जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर पिछले बुधवार को एक कार के डिवाइडर से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले बताया था कि दिसंबर 2022 में मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर परिचालन शुरू होने के बाद से इस साल अप्रैल के अंत तक उस पर हुए हादसों में कुल 39 लोगों की जान गई है और अन्य 143 लोग घायल हुए हैं।

# सीतारमण और फडणवीस पर महाराष्ट्र में महाजनसंपर्क अभियान की जिम्मेदारी

**मुंबई** : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा मिशन 2024 की शुरूआत 30 मई से करने जा रही है। राज्य के सभी विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में 30 मई से 30 जून के बीच मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल के दौरान लिए गए फैसलों को जनता में पहुंचाने के लिए एक भारी-भरकम टीम का गठन किया गया है। सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुंबई में इसका ऐलान करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की नजर महाराष्ट्र की 48 सीटों पर लगी हुई है। यही कारण है कि महाराष्ट्र में एक दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्रियों को 30 मई से शुरू होने वाले भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के लिए तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा राज्य के मंत्री भी मोदी सरकार के पिछले 9 साल के कार्यकाल को जनता तक पहुंचाएंगे। सूत्रों से पता लगा है कि



जिन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीते थे उन सीटों पर विशेष तौर पर ध्यान रखने की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य के मंत्रियों को केंद्रीय नेतृत्व की बड़ी सलाह महाराष्ट्र भाजपा के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने अभियान की समय सीमा के दौरान राज्य के सभी मंत्रियों को इस अभियान के अलावा किसी दूसरे बड़े कार्यक्रम में शामिल होने से बचने को कहा है। इसके अलावा केंद्रीय नेतृत्व बारामती की सुप्रिया सुले की सीट पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। इस सीट पर पिछले काफी समय से एक केंद्रीय मंत्री लगातार दौरा भी कर रहे हैं। जनता तक पहुंचाओ मोदी का कामकाज चंद्रपुर से पूर्व सांसद हंसराज अहिर ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों जैसे किसानों, महिलाओं, युवाओं और रोजगार से संबंधित योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि हर लोकसभा सीट पर एक केंद्रीय मंत्री की नियुक्ति की जाएगी जो तीन से चार विधानसभा सीटों पर नजर रखेगा और अभियान की देखरेख करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार सोमवार को महाराष्ट्र में भाजपा द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देंगे। महाराष्ट्र के लिए प्रदेश भाजपा ने कार्यकर्ताओं की एक भारी-भरकम फौज तैयार की है जो राज्य के हर विधानसभा सीट और लोकसभा सीट पर जनता तक पहुंचेगी।

# मुंब्रा के कौसा में एक पुलिस की गाड़ी की टक्कर डिवाइडर से



**मुंब्रा** : मुंब्रा के कौसा में एक पुलिस की गाड़ी की टक्कर डिवाइडर से हो गई गाड़ी के आगे का हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया जानकारी के मुताबिक हादसा रात दो बजे के आसपास प्राइम हॉस्पिटल के नजदीक हुआ है । कुछ लोगो का कहना है जो पुलिस कर्मी गाड़ी चला रहा था उसका नियंत्रण खो जाने की वजह से गाड़ी रोड के डिवाइडर से टकरा गई हालांकि इस दौरान काफी भीड़ इकठ्ठा हो और गाड़ी को डिवाइडर से हटाया गया बताया जा रहा है हादसे में किसी को चोट नही लगी हैं ।

# पुणे सीट पर अजित पवार का दावा तो कांग्रेस के कान खड़े

## अब संजय राउत बोले- 'सबको थोड़ा-थोड़ा...'



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा के साथ लोकसभा के भी चुनाव होने हैं. लोकसभा चुनावों को लेकर सभी दलों ने अपनी ताल ठोकनी शुरू कर दी है. इसी बीच एमवीए (महा विकास अघाड़ी) में सीटों के बंटवारे को लेकर बयानबाजी शुरू हो चुकी है. कांग्रेस ने एनसीपी की पुणे लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के दावों को खारिज कर दिया.

**क्या बोले संजय राउत?**

इस बीच शिवसेना यूबीटी नेता व सांसद संजय राउत की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'अगर ऐसा होता है तो महाविकास अघाड़ी पुणे लोकसभा का चुनाव कसबा उपचुनाव की तरह आसानी से जीत सकती है. संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सबको थोड़ा थोड़ा त्याग करना होगा! जय महाराष्ट्र !''

**अजित पवार की मांग पर कांग्रेस ने खड़े किए सवाल**

दरअसल एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने दो दिन पहले पुणे लोकसभा सीट पर एनसीपी की दावेदारी पेश की थी, उन्होंने कहा था कि पुणे लोकसभा सीट पर उनकी पार्टी अन्य पार्टियों की तुलना में काफी मजबूत स्थिति में. उन्होंने कहा था कि एमवीए की जो पार्टी वहां से मजबूत स्थित में है उसे वहां से चुनाव लड़ना चाहिए. उनकी इस मांग पर को खारिज करते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोंदे ने कहा कि कांग्रेस पुणे लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी क्योंकि यह उसका गढ़ है और उनकी पार्टी यहां कई बार जीती है. इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, अतुल लोंदे ने कहा कि हम यहां केवल दो बार हारे हैं. उन्होंने कहा कि कसबा सीट पर जीत से साफ हो गया है कि वोटर अब कांग्रेस के पाले में लौट आए हैं और बीजेपी से उनका मोहभंग बढ़ता जा रहा है. इसलिए कांग्रेस पुणे लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है.

बता दें कि पुणे लोकसभा सीट बीजेपी सांसद गिरीश बापट के निधन के बाद खाली है. अजित पवार ने कहा था, ''पहले मुझे लगा था कि लोकसभा चुनाव अगले एक साल में होने वाले हैं, लेकिन मेरे पास कुछ आंतरिक जानकारी है कि पुणे शहर की लोकसभा सीट पर उपचुनाव की संभावना है, जो बीजेपी सांसद गिरीश बापट के निधन के बाद खाली हुई थी. अगर ऐसा होता है तो हम आज के समय में तैयार हैं एनसीपी की स्थिति अन्य पार्टियों की तुलना में मजबूत है.

# पुलिस ने ट्रंक के अंदर से बरामद किए 13 गौवंश, 2 तस्कर भी गिरफ्तार



**ठाणे**: मुंबई से सटे ठाणे शहर के कल्याण इलाके में बाजार पीठ पुलिस ने एक ट्रक के अंदर से 13 गौवंश को बरामद किया है. साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इन गौवंश को पुणे के जुन्नर तहसील से अवैध रूप से तस्करी करके बाजार पेठ इलाके में लाया गया था. इन्हें तस्करों को बेचा जाना था. पुलिस को जब इस मामले की सूचना मिली तो मुंबई आगरा हाईवे पर शक की बुनियाद पर ट्रक को रोका गया. जब ट्रक की तलाशी ली गई तो अंदर से 13 गौवंश बरामद किए गए. गिरफ्तार गौ तस्कर के नाम साजिद अहमद, अब्दुल रहमान चौधरी, रेहान शब्बीर अहमद और कुरेशी है. आरोपी पुणे के जुन्नर तहसील के रहने वाले हैं. आरोपीयों के ऊपर महाराष्ट्र प्राणी अधिनियम की धारा सहित कढ़व के सेक्शन के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है. पुलिस को शक है कि ये सभी आरोपी इसके पहले और भी कई गौ तस्कर के मामलों में शामिल हुए होंगे.

बता दें कि गौ तस्करी पुलिस विभाग के लिए सबसे बड़ी समस्या बन गई है. सरकार और पुलिस की कड़ी कार्रवाई के बाद भी इस अपराध में शामिल लोगों की धरपकड़ जारी है. इसी क्रम में पुलिस को ठाणे में गौ तस्करी के मामले में बड़ी सफलता मिली है. इसके पहले भी कई राज्यों में गौ तस्करों की बड़ी संख्या में गिरफ्तारी की गई है. अभी पिछले कुछ महीनों में उत्तराखंड में पुलिस ने 70 गौ तस्करों गिरफ्तार किया है. पुलिस में 51 मामले गौ तस्कर के दर्ज हुए थे. 70 लोगों की गिरफ्तारी पिछले 3-4 महीनों में की गई है. उत्तराखंड पुलिस गौ तस्करों के गिरफ्तारी के लिए युद्ध स्तर पर लगी हुई है. इसके चलते पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com